# आंधी के साथ बारिश, सोरोस बार का टॉप रूफ गिरा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची अचानक मौसम का मिजाज बदलने से वातावरण खुशनुमा हो गया। आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश ने गर्मी से राहत दी है और तापमान में गिरावट दर्ज गई है। चिलचिलाती धूप के बीच बारिश होने से लोगों ने राहत महसूस की। फिलहाल के लिए तापमान का पारा गिरने से मौसम में नरमी आ गई है।

### आंधी का दिखा कहर

सोमवार की शाम पहले आंधी तूफान के चलने से रांची कडरू इलाके में स्थित सोरोस बार के ओपन रूफ टॉप में लगा शेड टूटकर नीचे गिर गया। इस शेड के गिरने के कारण कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसके कारण कई गाड़ियों में डेंट आ गया। इस घटना के बाद लोग अपनी अपनी गाड़ियों के पास आ गए। गनीमत ये रही कि कोई व्यक्ति शेड की चपेट में नहीं आया।

वहीं, आंधी-तूफान के बाद राजधानी के आसपास के इलाकों में अंधेरा छा गया। जिसके बाद झमाझम बारिश होने लगी। जो मौसम की गरमाहट को ठंडक पहुंचाई। इस बारिश के चलते फिलहाल अधिकतम तापमान नीचे गिर गया है।



# रामचरितमानस जीवन जीने की कला भी सिखाता है : संगीत माधव दास

नवीन मेल संवाददाता

रांची। हरे कृष्ण सत्संग ग्रुप, हरे कृष्ण मार्ग, लक्ष्मीनगर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान कथा वाचक संगीत माधव दास ने रामचरितमानस की महिमा और उसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस का अमृतमय पठन-पाठन झोपड़ी से लेकर महल तक रहने वाले लोगों के जीवन का कंठहार बन जाता है और व्यक्ति को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

कथा के दौरान उन्होंने बताया कि रामचरितमानस हिंदी साहित्य का एक अनुपम ग्रंथ है, जिसकी रचना संवत 1631 में गोस्वामी तुलसीदास द्वारा काशी में गंगा तट पर की गई थी। यह ग्रंथ केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्मावलंबी प्रेमपूर्वक रामचरितमानस का पाठ कर अपने जीवन को सदाचार, मर्यादा और आदर्शों से परिपूर्ण बना सकते हैं।




● हरे कृष्ण सत्संग ग्रुप के पांच दिवसीय श्रीराम कथा में रामचरितमानस की महिमा पर हुआ विस्तार से वर्णन

कथा वाचन के दौरान संगीत माधव दास ने भगवान राम के नाम की महिमा का उल्लेख करते हुए रामचरितमानस की कई चौपाइयों का पाठ किया और उनके भावार्थ को श्रद्धालुओं के सामने रखा। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम का स्मरण करने से मन की कुमति दूर होती है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

इस अवसर पर प्रचार-प्रसार प्रमुख शिव किशोर शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन श्रीराम कथा का आयोजन संध्या 6 बजे से किया जा रहा है, जिसका समापन रात्रि में महाभंडारे के साथ होता है।

### नवीन मेल के पूर्व पत्रकार प्रवीण प्रियदर्शी का निधन



रांची। राष्ट्रीय नवीन मेल रांची के पूर्व पत्रकार प्रवीण प्रियदर्शी का सोमवार को रांची में आवास पर निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके पिता का नाम शंकर प्रसाद सिन्हा था। उनके एक भाई प्रदीप सिन्हा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रह चुके हैं। परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को दिन में 11:00 बजे नामकुम स्वणरिखा तट पर किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण प्रियदर्शी (प्रवीण कुमार सिन्हा) रांची में पत्रकारिता जगत में एक जाने-पहचाने नाम थे। वे दैनिक जागरण रांची में चीफ रिपोर्टर के रूप में कार्य कर चुके थे। उन्हें डेस्क और रिपोर्टिंग दोनों का अनुभव था। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्री, एक पुत्र, दो भाई और उनके परिवार सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। प्रवीण प्रियदर्शी के निधन पर राष्ट्रीय नवीन मेल परिवार गहरा शोक प्रकट करता है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति दें।

### सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण व भव्य रूप से मनाने को लेकर बैठक, बोले उपायुक्त

# प्रशासन और सरना समितियों के बीच समन्वय व संवाद बनाए रखना आवश्यक

नवीन मेल संवाददाता

### बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीसी



इस अवसर पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि सरहुल पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और सरना समितियों के बीच समन्वय एवं संवाद बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सरना समिति के सदस्यों से प्रशासन द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ने का आग्रह किया, ताकि सूचना का त्वरित आदान-प्रदान हो सके।

रांची। प्रकृति पर्व सरहुल के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय सरना समिति के साथ-साथ विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और सरहुल पर्व के आयोजन को लेकर अपने सुझाव जिला प्रशासन के समक्ष रखे।

बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, पुलिस अधीक्षक (यातायात) राकेश सिंह, अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर कुमार रजत, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय भगत, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान केंद्रीय सरना समिति एवं अन्य आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सरहुल पर्व के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा शोभायात्रा के सुचारु संचालन को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरहुल पर्व को पूरे उत्साह, अनुशासन और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा।

बैठक में नगर निगम द्वारा प्रमुख सरना स्थलों एवं शोभायात्रा मार्गों पर साफ-सफाई और लाइट की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई। साथ ही प्रमुख स्थानों पर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को उनके घर तक पहुंचाने के लिए नगर निगम की ओर से बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बिजली विभाग के अधिकारियों ने सभी सरना समितियों से अनुरोध किया कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के आलोक में झंडा एवं झांकी की ऊंचाई 6 मीटर से अधिक न रखी जाए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना से बचा जा सके। साथ ही सरना समितियों द्वारा ध्वनि प्रदूषण को लेकर नियम का अनुपालन सुनिश्चित करने की बात कही गयी।

वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की जायेगी। सभी के सहयोग से सरहुल पर्व का सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन होगा।

बैठक में सरहुल पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा तथा शोभायात्रा के सुचारु संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आज

रांची। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा आज को निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर श्री भगवान महावीर आई हॉस्पिटल रांची के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। यह पीएचआईडी कॉलोनी के सामने बरियातु रोड में किया जाएगा। प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ मयूरी भट्टाचार्य द्वारा निशुल्क नेत्र जांच एवं मशीन द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। स्वास्थ्य प्रभारी आशा संथोलिया, सोनल शर्मा ने बताया, मरीज को ठहरने, दवा, चश्मा सभी निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। मरीज को दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार कार्ड जेरॉक्स साथ लेकर आना है।

### आर्यपुरी शिवपुरी महावीर मंडल के अध्यक्ष बने अमित यादव



रांची। रातू रोड में आर्यपुरी शिवपुरी महावीर मंडल की बैठक सोमवार को श्री 108 पंचमुखी महावीर मंदिर में हुई। बैठक में महारामनवमी पर शोभायात्रा की तैयारी पर चर्चा हुई। पुरानी कमेटी को भंग कर नए सत्र के लिए पदधारियों का चुनाव हुआ। सर्वसम्मति से अमित यादव को नए सत्र के लिए गठित कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। मोनू विश्वकर्मा व विश्वजीत जायसवाल महासचिव, मनीष यादव, दिलीप विश्वकर्मा, अमित डे बाबू व विशाल शेखर सचिव चुने गए। कमेटी में मुख्य संरक्षक महेंद्र यादव, प्रदीप राय बाबू व ब्रजेश साहू, संरक्षक सत्य भारती, अशोक यादव, राजेश सिंह, बाबूलाल वर्मा, कृष्णा जायसवाल, महेश रजक, सुखदेव राम वर्मा, राजू वर्मा, राजेश साव और मनोज यादव चुने गए। उपाध्यक्ष रवि साव, शुभम वर्मा, रंजीत रजक, साहिल यादव, अभय यादव, रवि यादव, आदर्श, विवेक शर्मा, आयुष सिंह, चंदन सिंह डब्बू चुने गए।

# निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता और एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर आयोजित




नवीन मेल संवाददाता

रांची। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं डॉ. लालचंद बगड़िया एक्युप्रेशर संस्थान, रांची के संयुक्त तत्वावधान में चैंबर भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता एवं एक दिवसीय एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित इस शिविर में विभिन्न रोगों से ग्रसित करीब 30 लोगों को एक्युप्रेशर चिकित्सा के माध्यम से उपचार और परामर्श दिया गया।

शिविर का शुभारंभ चैंबर के उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, महासचिव रोहित अग्रवाल तथा संस्थान के अध्यक्ष रमा शंकर बगड़िया ने गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महासचिव रोहित अग्रवाल ने कहा कि चैंबर व्यवसायियों और उद्यमियों के व्यापारिक विकास के साथ उनके स्वस्थ जीवन को भी उतना ही महत्व देता है, इसी उद्देश्य से समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है।

उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि ब्रह्मलीन गुरुदेव स्व. लालचंद बगड़िया ने वर्ष 1989 में रांची के बड़ा तालाब के पास लक्ष्मीनारायण मंदिर के ऊपर एक्युप्रेशर चिकित्सा केंद्र की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि एक्युप्रेशर में शरीर के हाथ-पैर के विभिन्न बिंदुओं पर दबाव देकर रक्त संचार को संतुलित किया जाता है, जिससे कई प्रकार की बीमारियों में राहत मिलती है।

संस्थान के अध्यक्ष रमा शंकर बगड़िया ने कहा कि चैंबर के सहयोग से एक्युप्रेशर चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार को और बढ़ाया जाएगा। वहीं सुश्री खुशी गुप्ता ने आधुनिक जीवनशैली, फास्ट फूड और शारीरिक श्रम की कमी को कई बीमारियों का कारण बताते हुए संतुलित आहार, योग और व्यायाम अपनाने की सलाह दी।

डॉ. संतोष झा ने कहा कि एक्युप्रेशर भारतीय चिकित्सा पद्धति है, जिसका उल्लेख अथर्ववेद में मर्म चिकित्सा के रूप में मिलता है। शिविर में शुगर, बीपी, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द और माइग्रेन से पीड़ित लोगों का उपचार किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप चौधरी ने किया तथा अंत में राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ।

### सीयूजे में जनजातीय उत्थान पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

# विकसित भारत 2047 के लक्ष्य पर मंथन

नवीन मेल संवाददाता



रांची। झारखंड केंद्रीय विवि (सीयूजे) के राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग द्वारा "झारखंड में जनजातीय उत्थान : नीति, संस्कृति और सतत विकास के समन्वय से विकसित भारत 2047" विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधार्थियों और नीति विशेषज्ञों ने भाग लेकर जनजातीय विकास, सांस्कृतिक पहचान और सतत विकास से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा की।

मुख्य वक्ता विश्वभारती विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बिद्युत चक्रवर्ती ने कहा कि जनजातीय समाज के वास्तविक विकास के लिए समावेशी शासन व्यवस्था जरूरी है। उन्होंने कहा कि विकास की नीतियों में जनजातीय समुदायों के पारंपरिक ज्ञान, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक संरचना को शामिल किए बिना स्थायी विकास संभव नहीं है। मुख्य अतिथि एक्सआईएसएस, रांची के निदेशक डॉ. जोसेफ मरियनस कुजूर ने कहा कि जनजातीय विकास के लिए सामुदायिक भागीदारी और सहभागी विकास की प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनजातीय समाज के समग्र विकास को सुनिश्चित करना होगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. ऑरोरा मार्टिन ने जनजातीय विकास में लैंगिक समानता और मानव गरिमा की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं, विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रो. सारंग मेढेकर ने कहा कि विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए शोध और संवाद को बढ़ावा देना भी है। सम्मेलन के संयोजक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल ने विषयवस्तु प्रस्तुत की।

### 'सतत खनन व पारिस्थितिक पुनर्स्थापन' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी



रांची। सीयूजे के प्रबंधन भवन स्थित मुख्य सभागार में सोमवार को "सतत खनन एवं पारिस्थितिक पुनर्स्थापन" विषय पर प्रस्तावित राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं एक्सपो के लिए कर्टेन रेज़र कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि रांची नगर निगम की महापौर रोशनी खलखो सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया और इस दौरान राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं एक्सपो की आधिकारिक ब्रोशर का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान के लिए सतत खनन, पारिस्थितिक पुनर्स्थापन और प्राकृतिक संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति प्रो. सारंग मेढेकर ने पर्यावरणीय सततता से जुड़े शोध और संवाद को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

### बीआईटी को 2.4 करोड़ का मिला सरकारी अनुदान

रांची। बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा को 2.4 करोड़ रुपए का सरकारी वित्तपोषित शोध अनुदान प्राप्त हुआ है। यह अनुदान एक बहु-संस्थागत अध्ययन के लिए प्रदान किया गया है, जिसका उद्देश्य यह समझना है कि जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय परिस्थितियां तथा सामाजिक-आर्थिक कारक भारत के विभिन्न क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य को किस प्रकार प्रभावित करते हैं। इस अध्ययन का नेतृत्व बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा द्वारा किया जा रहा है। यह परियोजना रांची मानसिक चिकित्सा एवं सहवर्ती विज्ञान संस्थान, बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, नोएडा परिसर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान सिक्किम तथा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कालीकट के सहयोग से संचालित की जा रही है।

### सीसीएल मुख्यालय में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

# भाईचारे व सौहार्द का दिया संदेश

नवीन मेल संवाददाता



रांची। सीसीएल मुख्यालय में सोमवार को दावत-ए-इफ्तार का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक (योजना एवं परियोजना) अनुप हंजुरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं इस्लामिक स्कॉलर मौलाना मिस्बाही साहेब कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में निदेशक अनुप हंजुरा ने सभी को पवित्र रमज़ान माह की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं का देश है और हम सभी को इसी भाईचारे और आपसी सम्मान के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने सीसीएल के सभी कर्मियों तथा देशवासियों को इस पावन अवसर की बधाई दी। संबोधन के उपरांत उन्होंने सभागार में उपस्थित कर्मियों से मुलाकात कर उनसे हाथ मिलाया और रमज़ान की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इस्लामिक स्कॉलर मौलाना मिस्बाही साहेब ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सीसीएल में पिछले लगभग 28 वर्षों से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन होता रहा है और उन्हें भी कई अवसरों पर इसमें शामिल होने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि सीसीएल एक बड़ा और प्रतिष्ठित संगठन है, जहां सभी धर्मों और मजहबों का सम्मान किया जाता है। उन्होंने रमज़ान के पवित्र महीने में जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करने का संदेश भी दिया। इस दौरान सीसीएल के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे व सभी ने आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया।



### पिठोरिया में रामनवमी कार्यसमिति का विस्तार

# तीन दिनों तक सजेगा महावीरी झंडा और शौर्य प्रदर्शन का मंच



**नवीन मेल संवाददाता**

**पिठोरिया।** श्री श्री महावीर मंडल पिठोरिया में इस वर्ष रामनवमी का पर्व भव्य स्तर पर मनाने की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। अध्यक्ष कृष्णा नायक के अध्यक्षता में कार्यसमिति की विस्तार की गई। महामंत्री राम प्रसाद गोप, विकास मुंडा, राहुल गुप्ता, संदीप चौरसिया,बसंत चौरसिया कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश रजक, सहकोषाध्यक्ष उदय महतो,सचिव सिकन्दर नायक,सह सचिव संजय महतो रणधीर केसरी को बनाया गया है। वही श्री श्री महावीर मंडल, पिठोरिया द्वारा आयोजित इस वर्ष के कार्यक्रमों का निमंत्रण पत्र जारी कर दिया गया है। 26 मार्च से शुरू होने वाले इस तीन दिवसीय उत्सव में शोभा यात्रा, अस्त्र-शस्त्र चालन और पुरस्कार वितरण मुख्य आकर्षण होंगे। मंडल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, उत्सव का आगाज़ गुरुवार से होगा।26 मार्च (गुरुवार): शाम 7 बजे से 'महाअष्टमी झांकी शोभा यात्रा' निकाली जाएगी। यह यात्रा पिठोरिया चौक से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से गुजरेगी।,27 मार्च (शुक्रवार): दोपहर 2 बजे से 'महानवमी झंडा मिलन' और महाजुलूस निकाला जाएगा। श्री दुर्गा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर यह जुलूस ग्राम भ्रमण करेगा। इसके पश्चात पिठोरिया चौक पर अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन होगा। देर शाम बाजार टांड़ में झंडा मिलन समारोह और पुरस्कार वितरण किया जाएगा।,28 मार्च (शनिवार): अंतिम दिन विजय दशमी के अवसर पर दोपहर 1:00 बजे से अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। समिति ने स्पष्ट किया है कि प्रतियोगिता में लाठी-डंडा और तलवार जैसे पारंपरिक खेलों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। रात 8 बजे से पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित होगा। श्री श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष कृष्णा नायक ने सभी श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर सपरिवार सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

## मुरी- गोला पथ पर बने गड्ढे दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण

**मुरी/सिल्ली।** मुरी गोला पथ चौड़ीकरण का कार्य जोरों पर किया जा रहा है।वहीं संवेदक के द्वारा पथ निर्माण कार्य में दोनों साइड जेसीबी के द्वारा खुदाई कर छोड़ दिया गया है। जिससे पथ पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं आने जाने वाले ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ती है।वहीं दो पहिया एवं चार पहिया वाहन दुर्घटना होते हुए देखा जाता है।बतातें चले की शनिवार को कुटाम निवासी जन्मनजय महली के इकलौता पुत्र आयुष कुमार महली,उम्र 18 वर्ष की पथ पर गड्ढे में गिरने से घायल हो गया,जिसका प्राथमिक इलाज सिंगपुर नर्सिंग होम में किया गया और बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया एवं रविवार की सुबह उसकी मृत्यु इलाज के दौरान रिम्स में हो गई।

ग्रामीणों में पथ निर्माण कर रहे हैं संवेदक के प्रति रोष देखा जा रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि अगर जल्द से जल्द पथ पर गड्ढे नहीं भरे गए तो आंदोलन करने के लिए हमलोग मजबूर हो जाएंगे एवं संवेदक की मनमानी के खिलाफ आवाज बुलंद करने का कार्य करेंगे।

## प्रो. डॉ. मंजू मिंज बनी केसीबी कॉलेज की नई प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** करमचन्द भगत महाविद्यालय बेड़ो के नए प्रभारी प्राचार्य के रूप में प्रो. डॉ. मंजू मिंज ने पदभार ग्रहण किया। पूर्व में डॉ. मंजू मिंज डोरंडा महाविद्यालय, रांची में इतिहास विभाग में विभागाध्यक्षा के रूप में सेवारत थी। कुछ दिन पूर्व डॉ. डेलो मई हांसदा के सेवानिवृत्त होने से बेड़ो महाविद्यालय में प्राचार्य का पद रिक्त हो गया था। तत्पश्चात कुलपति के आदेशानुसार डॉ. मंजू मिंज को नए प्रभारी प्राचार्या के रूप में सूचना जारी करते हुए नियुक्त किया गया। इस अवसर पर आज महाविद्यालय में नए प्राचार्या के पदभार ग्रहण करने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेड़ो इकाई के नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नए प्राचार्या का अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं तुलसी पौधा देकर स्वागत व सम्मान किया गया। साथ ही इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षाओं व कर्मचारीगणों ने भी प्राचार्या के पदभार ग्रहण करने पर जोरदार स्वागत व अभिनन्दन किया। इस मौके पर डॉ. मंजू मिंज ने दिवंगत शिक्षा मंत्री और कॉलेज के संस्थापक करमचन्द भगत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने दिवंगत करमचंद भगत के अधुरे सपनों को साकार करने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर स्वागत करने में अभाविप बेड़ो के नगर अध्यक्ष प्रो. नितेश कुमार पासवान, नगर उपाध्यक्ष प्रो. विकास कुमार सिन्हा, आकाश रक्षित, नगर मंत्री विक्रम कुमार महतो, शान्ति कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कस्तूरबा विद्यालय के कमरों की रखी गई आधारशिला



**बेड़ो।** कस्तूरबा गाँधी बालिका उच्च विद्यालय बेड़ो में डीएमएफटी मद से नब्बे लाख की लागत से बनने वाले छह कमरों के भवन निर्माण का पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शिलान्यास किया। इस मौके पर झारखंड के कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने की जरूरत है। उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार और स्कूलों को बेहतर बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह उनके पूर्व कार्यकाल के दौरान से ही प्राथमिकताओं की सूची में रहा है। इसके बाद बेड़ों प्रखंड के तीन पंचायतों क्रमशः करकरी, टेरो, हरिहरपुर जामटोली के धूमकुरिया मंडली के बीच नगाड़ा, ढोल-ढाक, नागपुरी जशपुरिया मांदर, बांसुरी,पिता घंटा, मुरली, शहनाई,झांज, करताल, घुंघरू सहित दर्जनों प्रकार के वाद्य यंत्रों का वितरण पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के द्वारा किया गया। मौके पर उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने कहा कि झारखंड की संस्कृति परंपरा और रीति-रिवाज की रक्षा करना हम सभी का सामुहिक दायित्व है। इस मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, मो रसीद मीर, बुधराम बाड़ा, नवल किशोर सिंह, फहीमूल हक़, समसाद आलम, सोमरा लोहरा, मनकु कुजूर, कुदूस,लालदेव लोहरा, अमजद,अरुण, कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय के अध्यक्ष मोहन सिंह सहित दर्जनों शिक्षिकाएं एवं बच्चे इत्यादि उपस्थित रहे।

## कविता समग्र के लिए 'मीनू' मीना सिन्हा को साहित्य भूषण सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कवयित्री 'मीनू' मीना सिन्हा को उनके कविता समग्र के लिए बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स द्वारा साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 14 मार्च को आयोजित समारोह दिल्ली में प्रदान किया गया। इस सम्मान के लिए चयन प्रसिद्ध साहित्यकार ममता कालिया की अध्यक्षता में गठित निर्णायक समिति द्वारा किया गया।



मीनू मीना सिन्हा की अब तक छह कविता-पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें एक सतसई भी शामिल है।

कथाकार, लेखिका के रूप में स्त्री-विमर्श पर अपनी सशक्त और धारदार लेखनी के लिए पहचानी जाने वाली मीनू अन्य साहित्यिक विधाओं में भी निरंतर सक्रिय हैं। उनकी प्रमुख कविताओं में मत करो पापा कन्यादान, सोन चिरैया, बेटियाँ मार नहीं खाती हैं, असुरक्षित बेटियाँ, वक़्त का फैसला, विरासतें, पराई, भगजोगनी तथा मायके की खुशबू उल्लेखनीय हैं। करुणा और अदम्य जिजीविषा का अत्यंत संवेदनशील चित्रण मिलता है। उनकी रचनाएँ केवल भावाभिव्यक्ति नहीं, असमानताओं के विरुद्ध उठती एक सजग, सशक्त स्त्री-स्वर की अभिव्यक्ति हैं।

## झारखंड के तीन पहलवान दिल्ली व लखनऊ रवाना

**रांची।** सीनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप-2026 के लिए भारतीय टीम के चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए झारखंड के तीन पहलवान दिल्ली और लखनऊ के लिए रवाना हो गए हैं। यह चयन ट्रायल 17 मार्च को आईजी स्टेडियम, दिल्ली तथा साई सेंटर, लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। पिछले महीने आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के पदक विजेता पहलवानों को इस ट्रायल के लिए आमंत्रित किया गया है। झारखंड से रिया कुमारी (53 किग्रा) दिल्ली में होने वाले ट्रायल में भाग लेंगी, जबकि अभिषेक कुमार (60 किग्रा) और अमित गोप (77 किग्रा) लखनऊ में आयोजित ट्रायल में अपनी चुनौती पेश करेंगे। तीनों पहलवानों का चयन ट्रायल के लिए क्वालीफाई करना झारखंड के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। यह राज्य के कुश्ती खिलाड़ियों की बढ़ती प्रतिभा और राष्ट्रीय स्तर पर उनके बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है। झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, खेल निदेशक आसिफ एकराम, उप निदेशक राजेश कुमार, अभिभावक के. रवि कुमार, मार्गदर्शक भोलानाथ सिंह, महासचिव रजनीश कुमार सहित संघ के पदाधिकारियों और खेल विभाग ने खिलाड़ियों को ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## पिठोरिया थाना में शांति समिति की बैठक

# ईद, सरहुल और रामनवमी शांतिपूर्ण मनाने की अपील



**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना परिसर में सोमवार को ईद ,सरहुल और रामनवमी को लेकर शांति समिति की एक बैठक थाना प्रभारी सतीश कुमार पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार मौजूद थे, इन्होंने इन तीनों पर्व को शांतिपूर्वक और भाईचारे के साथ मनाने की अपील लोगों से की, साथ ही शांति समिति के लोगों को इसमें अहम भूमिका निभाने का आग्रह किया एवं कोई भी भार्मिक अफवाह न फैलने की हिदायत दी। इस अवसर पर शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे पिठोरिया थाना प्रभारी सतीश कुमार पांडे ने कहा कि इस बार रामनवमी के जुलूस में नई पद्धति के द्वारा ड्रोन कैमरे का उपयोग किया जाएगा ताकि जुलूस की निगरानी की जा सके।एवम कोई उपद्रव ना हो। मौके पर मौजूद पूर्व जीप सदस्य मजीद अंसारी, नकुल महतो, पूर्व जीप सदस्य ऐनुल हक अंसारी,जुल्फिकार खान, वसीम अकरम,सुरेश राम ,आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।इसके अलावे उज्जवल पहन वैश आलम, सरवन गोप, रजाउल अंसारी, हाफिज अंसारी, सफदर अली, गुफरान अंसारी, सरवन खान, ओम प्रकाश रजक,जीत नाथ बेदिया, मुन्नी देवी के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

## दलबेड़ा शिव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मुरी/सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के मारदु गांव स्थित दलबेड़ा शिव मंदिर में चैत्र माह के पहले सोमवार को भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।सुबह से ही श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते नजर आए।

भक्तजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते रहे।पहले सोमवार के अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल देखने को मिला।श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर भोले बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## कांके के स्कूल में चोरी, लाखों के सामान गायब

**नवीन मेल संवाददाता**

पिठोरिया। कांके थाना स्थित बोड़ेया के राजकीयकृत उच्च विद्यालय की है जिसको चोरों ने निशाना बनाया है प्रिंसिपल ने पुलिस को बताया कि आज सुबह जब स्कूल खोला गया तब ग्रिल का दोनों ताला टूटा हुआ था, अंदर जाने पर पता चला की स्कूल का बहुत सारा सामान गायब और क्षतिग्रस्त है. इस मामले को लेकर कांके थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है,चोरों ने एक क्रोम बूक (जिसकी कीमत पच्चीस हजार) और सात टैब (जिसकी कीमत करीब 70 हजार) लेकर फरार हो गये, इसके अलावा चोरों ने कई सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है, क्षतिग्रस्त समान में एक टीवी (जिसकी कीमत 55 हजार), एक डेस्कटॉप (कीमत 35 हजार), सात पीस अलमीरा (कीमत 45 हजार), एक लॉकर (कीमत 15 हजार), पांच पीस लॉक (कीमत तीन हजार) और सीसीटीवी कैमरा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है. इस मामले को लेकर स्कूल के प्रिंसिपल ने कांके थाना में एफआईआर दर्ज कराया है।

## श्री बेरीवाली माता का महामंगल महिमा पाठ 22 मार्च को

**रांची।** पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम, श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 22 मार्च को श्री बेरी वाली माता का महामंगल महिमा पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन विद्या देवी एवं उनके परिवार द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम के दौरान माता का अलौकिक एवं आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा। इसके साथ ही मां की देवी ज्योत का आवाह्न किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र होगा। कार्यक्रम में मेहंदी उत्सव, चुनरी उत्सव तथा गजरा उत्सव जैसे विशेष धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित किए जाएंगे। इन अनुष्ठानों के माध्यम से भक्तजन माता के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्पण प्रकट करेंगे।

## हटिया–दुर्ग स्पेशल ट्रेन अब नियमित चलेगी, अप्रैल से द्वि-साप्ताहिक

**रांची।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने ट्रेन संख्या 08185/08186 हटिया-दुर्ग-हटिया स्पेशल को नियमित कर ट्रेन संख्या 18641/18642 हटिया–दुर्ग द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में चलाने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था के तहत ट्रेन संख्या 18641 हटिया–दुर्ग एक्सप्रेस 2 अप्रैल 2026 से प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को हटिया रेलवे स्टेशन से रात 8:05 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन राउरकेला, झारसुगुड़ा, रायगढ़, चंपा, बिलासपुर और रायपुर होते हुए सुबह 6:45 बजे दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 18642 दुर्ग–हटिया एक्सप्रेस 3 अप्रैल से प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को दुर्ग से शाम 7:35 बजे प्रस्थान कर रायपुर, बिलासपुर, चंपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा और राउरकेला होते हुए चलेगी। सुबह 7:15 बजे हटिया पहुंचेगी।

## पोत्तनूर-धनबाद अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस का परिचालन शुरू

**रांची।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 16619/16620 पोत्तनूर-धनबाद-पोत्तनूर अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस (वाया रांची) के परिचालन की घोषणा की है। यह नई साप्ताहिक ट्रेन दक्षिण और पूर्व भारत के बीच रेल संपर्क को और मजबूत करेगी। जारी समय-सारणी के अनुसार ट्रेन संख्या 16619 पोत्तनूर–धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस 21 मार्च से प्रत्येक शनिवार को पोदनूर जंक्शन से सुबह 06:15 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन कोयम्बत्तूर, काटपाडी, विजयवाड़ा, रायगढ़ा होते हुए रात 10:35 बजे रांची रेलवे स्टेशन पहुंचेगी और आगे मूरी व बोकारो स्टील सिटी होते हुए अगले दिन सुबह 04:00 बजे धनबाद जक्शन पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 16620 धनबाद–पोत्तनूर अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस 23 मार्च 2026 से प्रत्येक सोमवार को धनबाद से दोपहर 02:00 बजे प्रस्थान करेगी।

## घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र में घर का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करण कुमार (21 वर्ष) और रमेश कुमार उर्फ रमेश तम्बोली (23 वर्ष) के रूप में हुई है।

दोनों आरोपी मुरगू गांव, थाना रातू के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार इस संबंध में रातू थाना कांड संख्या 84/26 दिनांक 12 मार्च 2026 को दर्ज किया गया था। वादी आकाश कुमार तिवारी ने शिकायत में बताया था कि 11 मार्च को वह अपने परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर में ताला लगाकर गए थे। रात करीब 10:30 बजे जब वे घर लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ था और अलमारी (गोदरेज) खुली हुई थी। घर के सामान बिखरे पड़े थे और जेवरात चोरी हो चुके थे। मामले के खुलासे के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) द्वितीय के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 15 मार्च को दोनों संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

**बैठक** सरहुल पर्व को लेकर लापुंग थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

# सरहुल आदिवासियों का प्राचीनतम पर्व : कंचन

- आदिवासी समाज के लोग सरहुल पर्व के पूर्व नया फल व फूल का उपभोग नहीं करते

**नवीन मेल संवाददाता**



**लापुंग।** लापुंग थाना परिसर लापुंग में सरहुल पर्व को लेकर सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी लापुंग उषा मिंज की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रकृति पर्व सरहुल को शांति व आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का सामूहिक निर्णय लिया गया। बीडीओ उषा मिंज ने कहा कि आदिवासी सरहुल पर्व को आपसी भाई चारगी के साथ मनाएं। लापुंग प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज के लोग सरहुल पर्व के पूर्व नया फल व फूल का उपभोग नहीं करते। ऐसे में सोतरा होने का खतरा रहता है।

सरहुल के बाद ही नए फलों फूलों और पतों का स्वाद चखते है और उसका उपभोग करते हैं। उल्लेखनीय है कि लापुंग प्रखंड स्तरीय सरहुल पर्व 17 मार्च को भव्य शोभायात्रा के साथ मनाया जाएगा। लापुंग बीआरसी मैदान में शोभायात्रा के बाद सभा का आयोजन किया जाएगा। प्रखंड के सभी गांव से सरहुल पर्व मनाने की लिए पारंपरिक वेश भूषा महिला पुरुष भाग लेंगे।

थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने कहा कि असामाजिक तत्वों से निबटने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह दृढ संकल्पित है। वहीं मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला, मुखिया सविता उरांव, लखन साहू जन्मेंजय पाठक, पवन बरला, मेरी होरो, प्रदीप कुमार आइंद,नसीम आलम के अलावे अन्य दर्जनों लोग बैठक शामिल हुए।

## मुरी जंक्शन के समीप रेल लाइन पर इंजन हुई डिरेल

**मुरी।** दक्षिण पूर्व रेलवे के मुरी जंक्शन के समीप रेल लाइन संख्या 11 पर सोमवार की सुबह लगभग 5 बजे एक इंजन पटरी से उतर गई।हालांकि रेलवे विभाग को सूचना मिलते ही तुरंत राहत कार्य शुरू कर दिया और काफी मशक्कत के बाद ट्रैक को पुनः चालू किया गया जिससे रेल यातायात प्रभावित नहीं हुआ एवं किसी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं पहुंची।इंजन का डिरेल होने से पटरी भी दो भागों में टूट गई।

इधर घटनाक्रम के बारे में रेल अधिकारियों ने बताया कि इंजन पर तैनात ईटी द्वारा जानकारी दिया गया कि इंजन का ब्रेक काम नहीं किया जिससे इंजन सिग्नल पार कर गई और यह घटना घटित हुई।

# न्यूज बॉक्स

## विकास कार्य के कारण खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस का परिचालन रहेगा बाधित

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्य के लिए ब्लॉक लिए जाने के कारण रांची रेल मंडल से परिचालित कुछ ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है। जारी सूचना के अनुसार ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर-हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस का 17 मार्च और 20 मार्च 2026 को आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन और प्रारंभ होगा। इन तिथियों में इस ट्रेन का आद्रा-हटिया-आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा। इसके अलावा ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 17, 18 और 20 मार्च 2026 को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल-पुरुलिया-कोटशिला-मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल-गुंडा बिहार-मूरी होकर चलेगी।

## नवरात्रि के दौरान रांची-एलटीटी एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर होगा अस्थाई ठहराव

**रांची।** नवरात्रि मेला के अवसर पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए Indian Railways ने ट्रेन संख्या 18609/18610 रांची - लोकमान्य तिलक टर्मिनस - रांची एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर अस्थाई ठहराव देने का निर्णय लिया है। यह ठहराव 19 मार्च से 1 अप्रैल तक 5 मिनट के लिए रहेगा। जारी सूचना के अनुसार ट्रेन संख्या 18609 रांची - लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 18 से 25 मार्च तक मैहर स्टेशन पर दोपहर 13:40 बजे आगमन और 13:45 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं ट्रेन संख्या 18610 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - रांची एक्सप्रेस 20 मार्च से 27 मार्च तक मैहर स्टेशन पर निर्धारित समय के अनुसार अस्थायी रूप से रुकेगी।

## सुकेश तिवारी बने भाजपा मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने जताया आभार



**पिठौरिया।** कांके बोड़ेया के भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सुकेश तिवारी को बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व को आभार जताया बोड़ेया चौक में आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष को बधाई देते हुए जश्न मनाए। कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के द्वारा चयन तथा युवाओं को नेतृत्व सौपने के लिए साधुवाद दिया। कांके प्रखंड के बोड़ेया चौक में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल होकर एक दूसरे को रंग अबीर लगाते तथा मिठाई बाट खुशी का इजहार कि समारोह को संबोधित करते हुए नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष सुकेश तिवारी ने कार्यकर्त्ता का साधुवाद दिया साथ ही तिवारी ने कहा की भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को संगठित कर अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करते हुए अधिक से लोगों को भाजपा से जोड़कर प्रदेश नेतृत्व के निर्देश का पालन करूंगा। साथ ही सबका साथ सबका विकास स्लोगन से प्रेरणा लेकर पार्टी हित में काम करुंगा मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार दुबे, अर्जुन राम ,पिंटू तिवारी, रितेश तिवारी, सुचित सिंह, शुभम साहू, हर्ष यादव, गौतम पासवान, सुमित रॉय, सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता ने इनको बधाई दिया।

## 'एमिफोरिया' में संत जेवियर्स कॉलेज की टीम की लगातार तीसरी जीत



**रांची।** एमिटी यूनिवर्सिटी के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'एमिफोरिया' में इस वर्ष भी संत जेवियर्स कॉलेज की नाट्य मंडली टीम 'शक्ति' ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित किया। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में टीम 'शक्ति' ने लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।टीम के कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय, प्रभावशाली संवाद अदायगी और दमदार संदेश के माध्यम से दर्शकों तथा निर्णायकों को गहराई से प्रभावित किया। नाटक की प्रस्तुति में सामाजिक सरोकारों को रचनात्मकता और ऊर्जा के साथ मंचित किया गया, जिसकी सभी ने खुलकर सराहना की। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के पीछे टीम के सदस्यों का निरंतर अभ्यास, आपसी समन्वय, समय का समर्पण और रचनात्मक सोच प्रमुख रही। लगातार तीसरी जीत ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा, मेहनत और मजबूत टीम भावना के साथ किसी भी मंच पर बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है। कॉलेज परिवार एवं शुभचिंतकों ने टीम 'शक्ति' के सभी कलाकारों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## डॉक्टर रजनी शर्मा 'चंदा' को दिल्ली में मिला "राष्ट्र शक्ति शिरोमणि सम्मान"



**रांची।** संपर्क क्रांति परिवार की ओर से दिल्ली में रांची की डॉ रजनी शर्मा 'चंदा' को राष्ट्र शक्ति शिरोमणि सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया । होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े शिव विनायक शर्मा द्वारा डॉ शशिबाला ,पद्मजा ,सहित लाजपत भवन ऑडीटोरियम, लाजपत नगर में गणमान्य लोगों की उपस्थिति में यह सम्मान दिया गया। बच्चों के बौद्धिक विकास पर अपनी शोध कार्य करके शोधप्रबंध तैयार करनेवाली और साहित्यिक विषयों पर काव्य सृजन करनेवाली , मंचों को दमदार ढंग से संचालन करने वाली डॉ रजनी शर्मा 'चंदा' को सम्मानित करने पर सहित्योदय से जुड़े साहित्यकार संजय करुणेश ने बधाई दी है ।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को दी बधाई



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को बिहार से राज्यसभा सदस्य चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। शुभकामनाएं देने वालों में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, मधु कोड़ा, चंपई सोरेन ,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश,डॉ रविंद्र कुमार राय, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रकाश, मनोज कुमार सिंह, सहित अन्य शामिल हैं।

# आंधी-तूफान से घर पर गिरा आम का पेड़, कई घायल

नवीन मेल संवाददाता






**सिमडेगा।** पाकरटांड प्रखंड के कुरुसकेला पंचायत अंतर्गत भेलवाडीह गांव में रविवार रात आए तेज आंधी-तूफान से एक बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार गंगा प्रसाद नामक व्यक्ति के घर के बाहर खड़ा विशालकाय आम का पेड़ तेज हवा के कारण अचानक टूटकर उनके मकान पर गिर पड़ा।

पेड़ गिरने से मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और घर में मौजूद परिवार के लोग इसकी चपेट में आ गए। घटना में गंगा प्रसाद समेत परिवार के कई सदस्यों को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

बताया जा रहा है कि पेड़ गिरने से मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे परिवार के सामने रहने की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल हो गया और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल राहत उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं पीड़ित गंगा प्रसाद ने भी प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है, ताकि क्षतिग्रस्त मकान की मरम्मत और परिवार के रहने की व्यवस्था जल्द से जल्द हो सके।

## झारखंड में जंगलों की स्थिति पर विधानसभा में चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोंनगाडी ने झारखंड विधानसभा में जंगलों की स्थिति और वन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समुदाय से जुड़े मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाया। उन्होंने तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से पूछा कि क्या राज्य में जंगल तेजी से उजड़ रहे हैं और इसका पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है।इस पर सरकार ने आंशिक रूप से सहमति जताते हुए कहा कि वन विभाग द्वारा जंगलों के संरक्षण और संवर्धन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार ने बताया कि फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा हर दो वर्ष में "इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट" प्रकाशित की जाती है, जिसमें देश के वन क्षेत्र की स्थिति और उसमें हुए बदलाव का आकलन किया जाता है। वर्ष 2023 की रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में वन क्षेत्र में 58.81 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। विधायक ने यह भी सवाल उठाया कि आदिवासी और अन्य वन आश्रित समुदाय अपनी सामाजिक और सांस्कृतिक आवश्यकताओं के लिए जंगलों से लकड़ी और अन्य संसाधनों का उपयोग करते हैं, जिससे जंगलों पर दबाव बढ़ता है। इस पर सरकार ने कहा कि ग्राम वन प्रबंधन समितियों की अनुमति से आदिवासी और वन आश्रित समुदाय सूखी लकड़ियों को एकत्र कर अपने उपयोग में लाते हैं। यदि कहीं अवैध रूप से पेड़ों की कटाई होती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाती है।इसके अलावा विधायक ने सरकार से पूछा कि क्या जंगलों में छोटे पौधों और पेड़ों को बचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मानव समुदायों के लिए सीमेंट या आरसीसी खंभों के मंच और घरों के लिए तार जाली की व्यवस्था करने की कोई योजना है। इस पर सरकार ने स्पष्ट किया कि फिलहाल इस संबंध में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

# मिक्सर प्लांट से निकल रहे धुएं से ग्रामीण परेशान

### प्लांट को आबादी से दूर हटाने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित मिक्सर मशीन प्लांट से निकल रहे काले धुएं के कारण आसपास के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बानो के सरना टोली में मिक्सर मशीन प्लांट लगाया गया है, जहां से दिन-रात काला धुआं निकल रहा है।धुएं के कारण बानो चौक, स्टेशन रोड, भिखरा टोली और रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले लोग प्रदूषण की चपेट में आ रहे हैं। बताया गया कि मिक्सर प्लांट के स्थल से मात्र लगभग 100 मीटर की दूरी पर होली हार्ट पब्लिक स्कूल स्थित है, जहां पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों को भी धुएं के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा मिडिल स्कूल बानो भी पास में है, जहां प्रदूषित हवा के कारण बच्चे प्रभावित हो रहे हैं।स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों का कहना है कि प्लांट से निकलने वाले धुएं से वातावरण दूषित हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद प्लांट को हटाने की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

लगातार निकल रहे धुएं को देखते हुए झारखंड ह्यूमन राइट्स के रिपोर्टिंग ऑफिसर मिहिर होरो ने प्रशासन से मांग की है कि मिक्सर प्लांट को जल्द से जल्द घनी आबादी से दूर स्थानांतरित किया जाए।मालूम हो कि पिछले तीन वर्षों से कोलेबिरा–मनोहरपुर सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। इसी निर्माण कार्य के लिए वी.के. एस. कंपनी द्वारा यह मिक्सर प्लांट लगाया गया है।

कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रफीक अंसारी ने कहा कि काले धुएं के कारण लोग बीमार पड़ने लगे हैं। वहीं जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा कि प्लांट के आसपास स्कूल, दुकान और अन्य सार्वजनिक स्थल हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि प्लांट को जल्द किसी अन्य स्थान पर स्थापित किया जाए।

## सिमडेगा के बांसजोर ओपी क्षेत्र के जंगल में मिला जला हुआ शव

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के बांसजोर ओपी क्षेत्र अंतर्गत तरगा पंचायत के कुरकुरा ब्रिंगा टोली के पास जंगल में एक जली हुई लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सोमवार को स्थानीय ग्रामीणों ने जंगल की ओर जाते समय जले हुए शव को देखा, जिसके बाद तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही बांसजोर ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच शुरू कर दी।

बताया जा रहा है कि शव पूरी तरह से जला हुआ है, जिससे मृतक की पहचान करना काफी मुश्किल हो रहा है। पुलिस आसपास के गांवों के लोगों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मृतक कौन है और घटना कैसे हुई।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पहचान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही जलडेगा थाना क्षेत्र के टीकरा गांव में भी एक व्यक्ति की जली हुई लाश बरामद हुई थी।लगातार इस तरह की घटनाओं से क्षेत्र में लोगों के बीच डर और दहशत का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले का जल्द खुलासा करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### शंख नदी छठ घाट पहुंच पथ की हालत बदहाल

## अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा के पर्यटन स्थल शंख नदी छठ घाट के पहुंच पथ का निर्माण कार्य चल रहा है। कुछ महीने पहले लगभग एक किलोमीटर पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया था, लेकिन वर्तमान में उसकी स्थिति काफी खराब हो गई है।

पूरे रास्ते पर बालू ही बालू दिखाई दे रहा है, जिससे पीसीसी पथ नजर ही नहीं आता। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस वजह से बाइक और छोटे वाहनों का चलना भी काफी मुश्किल हो गया है। वहीं छठ घाट से बालू उठाव पर पहले से ही प्रतिबंध लगाया गया है और इसके लिए गार्ड का निर्माण भी कराया गया था। इसके बावजूद ट्रैक्टर चालकों ने बगल में रास्ता बनाकर अवैध रूप से बालू का उठाव जारी रखा।

बताया जा रहा है कि इस संबंध में विभाग को सूचना देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। छठ पर्व के बाद भी सैकड़ों ट्रैक्टरों द्वारा अवैध बालू का उठाव जारी रहा, जिसके कारण इस पीसीसी पथ की स्थिति और खराब हो गई।शंख नदी छठ सेवा संस्थान के संस्थापक सदस्य प्रदीप केसरी ने मांग करते हुए कहा है कि पीसीसी पथ से बालू को जल्द हटाया जाए और अवैध बालू उठाव पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाते हुए सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम लोगों को आने-जाने में सुविधा हो सके।

### खराब चापाकलों की हुई मरम्मत

**ठेठईटांगर।** प्रखंड क्षेत्र में लंबे समय से कई चापाकल खराब पड़े होने के कारण ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को सूचना दी।सूचना मिलने के बाद प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने पीएचडी विभाग के इंजीनियर से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। इसके बाद विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गेट टोली, बेला टोली लातापानी, घोड़ी टोली सहित कई जगहों पर खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कराई।चापाकलों की मरम्मत होने से ग्रामीणों को काफी राहत मिली है और पेयजल की समस्या काफी हद तक दूर हो गई है।

## लचरागढ़ भिखारिएट में कैथोलिक महिला संघ का 29वां वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिर।** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ भिखारिएट में कैथोलिक महिला संघ का 29वां दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 14–15 मार्च 2026 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झंडोतोलन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन में फा. राजेश केरकेट्टा, सुचिता जोजो, सिस्टर एंजलीना मिंज और नौ पल्ली की सभानेत्रियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम के दौरान संत मोनिका की तस्वीर पर माल्यार्पण, बाइबल पाठ और विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

, पहले सत्र में "बच्चों की परवरिश में माता की चुनौतियां और समाधान" विषय पर सुचिता जोजो ने अपने विचार रखे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में बांकी पल्ली द्वारा पारंपरिक बाहा–बाला जादूर नृत्य प्रस्तुत किया गया।दूसरे दिन पवित्र मिस्सा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर "पेसा कानून" विषय पर पुष्पा सेकुंडा टेटे ने विस्तार से जानकारी देते हुए ग्राम सभा को सशक्त बनाने और उसके पंजीकरण पर जोर दिया।अधिवेशन में लचरागढ़ पल्ली द्वारा "मैंने तुमको प्रेम किया" विषय पर झांकी भी प्रस्तुत की गई। अंत में अतिथियों के संदेश, धन्यवाद ज्ञापन और आशीर्वचन के साथ संत मोनिका के गीत गाते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## केरसई में बाल श्रम के खिलाफ चला विशेष जांच अभियान

**सिमडेगा।** जिले के केरसई प्रखंड में बाल श्रम पर रोक लगाने के उद्देश्य से सोमवार को विभिन्न प्रतिष्ठानों में विशेष जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार और श्रम अधीक्षक कार्यालय की संयुक्त टीम द्वारा संचालित किया गया। अभियान के दौरान टीम ने केरसई क्षेत्र के कई दुकानों,होटलों तथा प्रखंड में संचालित क्रशर इकाइयों का निरीक्षण कर वहां बाल श्रम की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने प्रतिष्ठान संचालकों को बाल श्रम निषेध से जुड़े कानूनों की जानकारी दी और उन्हें इसके प्रति जागरूक किया। प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम ने स्पष्ट रूप से कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से किसी भी प्रकार का काम कराना कानूनन अपराध है। यदि किसी प्रतिष्ठान में बाल श्रम करते हुए बच्चे पाए जाते हैं तो संबंधित संचालक के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान टीम को किसी भी प्रतिष्ठान में बाल श्रम करते हुए बच्चे नहीं मिले,जिसे अधिकारियों ने संतोषजनक स्थिति बताया।

### कुरडेग के पक्का बांध में 30 हजार मछली जीरा छोड़ा गया

**कुरडेग।** मत्स्य विभाग सिमडेगा द्वारा पक्का बांध में 30 हजार मछली जीरा छोड़ा गया। इस दौरान घाघमुंडा मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सदस्य निरंजन पासी, आयुब अंसारी और विजय लकड़ा मौजूद थे। समिति के सदस्यों ने बताया कि सरकार द्वारा गठित मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में पक्का बांध में लगभग 30 हजार मिश्रित प्रजाति के मछली जीरा डाले गए। इनमें कातला, रोहू, शिमला और ग्रास कार्प जैसी प्रजातियां शामिल हैं।बताया गया कि मछली जीरा छोड़े जाने से आने वाले समय में मछली उत्पादन में वृद्धि होगी, जिससे मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सदस्यों को आर्थिक लाभ मिलेगा। साथ ही स्थानीय लोगों को भी ताजी मछली उपलब्ध हो सकेगी। समिति के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि इस पहल से क्षेत्र में मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों की आय में वृद्धि होगी।

## सिमडेगा में 21 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा सरहुल पूजा महोत्सव

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** केंद्रीय सरना समिति, सिमडेगा की बैठक 15 मार्च को सरना स्थल सिमडेगा में समिति के अध्यक्ष हरिश्चन्द्र भगत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 मार्च 2026 को केंद्रीय सरना समिति सिमडेगा के तत्वावधान में सरहुल पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।जानकारी के अनुसार सरहुल पूजा सरना स्थल सिमडेगा में पूर्वाह्न 11:00 बजे से प्रारंभ होगी। इसके बाद लगभग दोपहर 2:00 बजे सरना स्थल से आदिवासी पारंपरिक संस्कृति को दर्शाती भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा सलडेगा चौक, प्रिंस चौक, मेन रोड, झूलन सिंह चौक, महावीर चौक, नीचे बाजार और पेट्रोल पंप होते हुए पुनः महावीर चौक, वीर बुधु भगत चौक से होकर सरना स्थल पहुंचेगी। शाम 7:00 बजे विनती-प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।समिति ने शोभा यात्रा में शामिल होने वाले सभी समिति एवं नृत्य दलों से अपील की है कि वे आदिवासी पारंपरिक वेश-भूषा, पारंपरिक नृत्य-गीत और वाद्य यंत्रों के साथ कार्यक्रम में भाग लें। प्रशासन के निर्देशानुसार शोभा यात्रा में डीजे का प्रयोग नहीं किया जाएगा तथा मादक पदार्थों का सेवन कर कार्यक्रम में शामिल होने पर भी प्रतिबंध रहेगा। समिति ने सभी से प्रशासन एवं समिति द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है।बैठक में अध्यक्ष हरिश्चन्द्र भगत, सचिव विजय उरांव, कोषाध्यक्ष माधी उरांव, बिंदेश्वर उरांव, खुनवा उरांव, बाबूलाल उरांव, संजय उरांव, सुदेश उरांव, शंकर भगत, संजीत तिर्की, ललिता उरांव, चंद्रिका भगत, बसंती भगत, सरस्वती उरांव, नीलिमा कुजूर, अगुस्टीन खिजो, अंजलिना बरला सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### रामनवमी, ईद, सरहुल व चैती दुर्गा पूजा को लेकर बानो प्रखंड में शांति समिति की बैठक

# लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की : थाना प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रामनवमी, ईद, सरहुल और चैती दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बानो थाना परिसर में बीडीओ सह अंचलाधिकारी नैमुदिन अंसारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सभी से अपने-अपने निर्धारित समय पर जुलूस निकालने की अपील की गई। सरहुल पर्व को लेकर भी निर्धारित समय पर शोभायात्रा निकालने की बात कही गई। थाना प्रभारी मानव मयंक ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। वहीं चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने कहा कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर तत्काल सूचना दें। बैठक के अंत में जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी को ईद, रामनवमी और सरहुल पर्व की शुभकामनाएं दीं। मौके पर बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, सोमारी कैथवार, सीता कुमारी, दीपक साहू, फिरू बड़ाईक, विशंभर सिंह, सुकरा केरकेट्टा, अनूप मिंज, विकास मघहिया, मो. अंजुम, बालमुकुंद सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

वहीं बानो सर्किल के महाबुवाग थाना में थाना प्रभारी टिंकू कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सभी से रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। कहा गया कि यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। मौके पर सिम्हातु मुखिया लॉरेंस बागे, बेडाइरगी मुखिया हेलेन कंडुलना, चंद्रपाल सिंह, महिपाल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इधर बानो सर्किल के गिरदा थाना में भी थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी ने कहा कि रामनवमी महापर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें तथा झंडे की ऊंचाई अधिक न रखें, क्योंकि जगह-जगह बिजली के तार हैं। उन्होंने ईद को आपसी भाईचारे के साथ मनाने और सरहुल पर्व की शोभायात्रा निर्धारित समय पर निकालने की अपील की। साथ ही कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए समिति की ओर से वॉलंटियर रखने की बात कही गई। बैठक में मुखिया नामजन जोजो, सोमा पहान, घनश्याम सिंह, बालेश्वर नाग, राधेश्याम सिंह, गुरुदत्त सिंह, ओमिन सिंह, भुनेश्वर महतो, प्रवीण साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

# न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा के कोंबाकेरा में फांसी लगाकर एक व्यक्ति ने की आत्महत्या



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोम्बाकेरा गंझू टोली में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कोम्बाकेरा गंझू टोली निवासी इंद्र साहू के रूप में की गई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्र साहू चार दिन पहले हुए एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद से उनके व्यवहार में बदलाव देखा जा रहा था। परिजनों के अनुसार वे पिछले कुछ दिनों से असामान्य और मंदबुद्धि जैसा व्यवहार कर रहे थे। इसी कारण घर के लोग उनसे कुछ दूरी बनाकर रह रहे थे और उनकी स्थिति को लेकर चिंतित भी थे।बताया जाता है कि घटना के समय इंद्र साहू घर के एक कमरे में अकेले थे। इसी दौरान उन्होंने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ समय बाद जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो घर में अफरा-तफरी मच गई और इसकी सूचना तत्काल कोलेबिरा थाना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

### पेड़ की डाल गिरने से रास्ता बाधित



**बानो।** प्रखंड क्षेत्र में बानो से कोनसोदे, एल्ला, महाबुआंग और तिनसोंगड़ा जाने वाले मुख्य मार्ग पर एल्ला जड़ीया टोली के पास एक विशाल पेड़ की बड़ी डाली गिर जाने से आवागमन बाधित हो गया। अचानक पेड़ की डाल गिरने के कारण इस रास्ते से गुजरने वाले लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है घटना की सूचना मिलते ही सोय पंचायत की मुखिया सोमवारी कैथवार मौके पर पहुंचीं और रास्ता साफ कराने का प्रयास किया। हालांकि, जेसीबी मशीन उपलब्ध नहीं होने के कारण पेड़ को हटाया नहीं जा सका।मुखिया सोमवारी कैथवार ने बताया कि मंगलवार को जेसीबी मशीन की सहायता से पेड़ की डाल को हटाकर रास्ता पूरी तरह से साफ कर दिया जाएगा, ताकि लोगों का आवागमन सुचारु रूप से हो सके।

### सिमडेगा पुलिस की कार्रवाई, 25-30 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**सिमडेगा।** जिले में स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए सिमडेगा पुलिस द्वारा "ऑपरेशन रेड हंट: सिमडेगा पुलिस" के तहत लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में पुलिस ने 25 से 30 वर्षों से फरार एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।गिरफ्तार वारंटी की पहचान नामनज सुरीन के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बांसजोर तेलीघना, थाना जलडेगा, जिला सिमडेगा का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और वर्तमान में अपने परिवार के साथ ओडिशा राज्य के सुंदरगढ़ जिले के जुजुमुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सबडगर जामलोई में रह रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर सिमडेगा पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर 16 मार्च 2026 को उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए जिले में आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### अवैध गौवंशीय पशु परिवहन का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**सिमडेगा।** बानो थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से गौवंशीय पशुओं के परिवहन के मामले का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 15 मार्च 2026 की रात करीब 8:45 बजे गुप्त सूचना मिली थी कि संभलपुर (ओडिशा) से हुरदा जमताई मोड़ होते हुए घाट बाजार की ओर एक सफेद रंग के पिकअप वैन से अवैध रूप से गौवंशीय पशुओं का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के निर्देश पर एक टीम का गठन कर जमताई मोड़ हुरदा के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया।रात करीब 9:40 बजे ओडिशा की ओर से एक सफेद पिकअप वाहन आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर चालक वाहन को कच्ची सड़क की ओर मोड़कर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर जमताई पंचायत भवन के पास वाहन को रोक लिया। जांच के दौरान वाहन से चार गौवंशीय पशु बरामद किए गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया।इस मामले में बानो (गिरदा ओपी) थाना कांड संख्या 10/26, दिनांक 16 मार्च 2026 के तहत बीएनएस की धारा 317(5)/3(5), झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम की धारा 12(1)(2)(3) तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(डी)(एफ) के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस ने इस मामले में जयराम सिंह (कुटब, थाना जमनकिरा, जिला संभलपुर, ओडिशा), उपेंद्र सिंह (विशालपानी, थाना जमनकिरा, जिला संभलपुर, ओडिशा) और रामकिशोर सिंह (रोबकेरा, थाना आनंदपुर, जिला पश्चिम सिंहभूम, झारखंड) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### बरसलोया में रामनवमी महोत्सव को लेकर बैठक आज

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के ग्राम बरसलोया स्थित जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में श्री रामनवमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर 17 मार्च की शाम महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में गांव के ग्रामीणों, युवाओं और रामभक्तों की उपस्थिति में आगामी रामनवमी पर्व को भव्य, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से मनाने पर चर्चा होगी।बैठक के दौरान रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन के लिए धार्मिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन, झांकी, जुलूस तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी। साथ ही आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों के बीच विभिन्न जिम्मेदारियां भी तय की जाएंगी।

